Title: Regarding killing of the innocent Sikhs at the Jammu-Kashmir Highway.

श्री जे.एस.बराड़ (फरीदकोट) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके जरिये इस सदन का और इस सरकार का जो बिल्कुल सोई हुई सरकार है और ना-अहल सरकार है, का ध्यान एक महत्वपूर्ण मुद्दे के ऊपर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे कुलीग मिस्टर मान सिंह एवं अन्य कुलीग्स ने इस मुद्दे के बारे में बात कही है। मंगलवार की रात को जम्मू-कश्मीर हाईवे के ऊपर पांच निहत्थे हिन्दुस्तानी सिखों का कत्ल किया गया है। उनको एक कतार में खड़े करके गोलियों से भून डाला गया। इससे पहले उनके पैसे निकाले गये और जो अन्य कम्युनिटीज के लोग थे, उनको भगा दिया गया। मैं इस सरकार को इसलिए ना-अहल मानता हूं क्योंकि छत्तीससिंह पुरा का काण्ड होने के बाद वहां की माइनोरिटीज कम्युनिटीज को प्रोटेक्शन देने की बात कही गयी थी। जबकि क्लिंटन प्रैजीडेंट के होते हुए ये हत्यायें हुईं। इसके अलावा यह विश्वास दिलाया गया कि 136 गांवों में बसने वाले सिख माइनोरिटीज को और जम्मू-कश्मीर हाईवे के ऊपर हजारों की तादाद पर रोज जो सिख ड्राइवर वहां आते हैं, जो सरहदों पर देश की रक्षा करते हैं, उनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाये जायेंगे।

लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। यह बहुत अफसोस की बात है और अगर माइक्रोस्कोपिक माईनौरिटी का मैसेकर इस तरह जम्मू कश्मीर हाईवे के ऊपर हो और सरकार इसके ऊपर कोई बयान न दे तो मैं यह महसूस करता हूं कि इससे बड़ी ज्यादती देशभक्तों और माईनौरिटी कम्युनिटीज के साथ कोई और नहीं हो सकती। सरकार को इस मुद्दे के ऊपर जरूर बयान देना चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has already reacted to Shri Mann on the same subject.

...(*Interruptions*)

SHRI S. JAIPAL REDDY : Sir, the Home Minister should make a statement....(*Interruptions*)

SHRI J.S. BRAR : No, Sir, there has been no reaction.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, I have reacted to what I wanted to react. If the same subject comes up 50 times, I cannot react every time.